# स्नातकोत्तर कृषि विस्तार प्रबंधन डिप्लोमा (पी जी डी ए ई एम)

## अंतिम परीक्षा : 1 सेमेस्टर 2014–15 (जुलाई 2015)

## एईएम–104 : कृषि विस्तार में सहभागी दृष्टिकोण (2 क्रेडिट)

**अधिकतम अंक : 70** **समय : 2½ घंटे**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों का अंक समान है।**

1. सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन की विशेषताओं और कृषि विस्तार में समस्याओं के समाधान के लिए इसके प्रयोग पर चर्चा कीजिए। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

2. सहभागी तकनीकी विकास प्रक्रिया का वर्णन कीजिए। सहभागी तकनी की विकास प्रक्रिया के द्वारा विकसित किन्हीं चार नवाचारी तकनीकियों का उल्लेख कीजिए तथा किसानों को प्राप्त लाभ को स्पष्ट कीजिए।

3. सहभागी निगरानी एवं मूल्यांकन से आप क्या समझते हैं? कृषि में नई परियोजनाओं की योजना बनाने एवं उन्हें लागू करने के लिए यह विस्तार अधिकारी को कैसे सक्षम बना देता है?

4. अन्नगहनता प्रणाली या अन्य नवाचारी तकनीकियों को लोकप्रिय बनाने में सहभागी पद्धतियों के विभिन्न चरणों पर चर्चा कीजिए।

5. (क) किसानों के समूह / स्वयं सहायता समूह का गठन करने के लाभ क्या–क्या है?

   (ख) आपके जिले / राज्य के किसानों के दो सफल समूहों पर चर्चा कीजिए।

6. (क) विकास–कार्यक्रमों में समुदायों की सहभागिता को बढ़ाने में अपनाए जानेवाले चरण क्या–क्या हैं?

   (ख) देशी तकनीकी ज्ञान से आप क्या समझते हैं? देशी तकनीकी ज्ञान का एक उदाहरण दीजिए तथा किसानों द्वारा अपनाए जाने में इसकी वैज्ञानिक तर्क संगतता का उल्लेख कीजिए।

7. निम्नलिखितों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए :

   (क) आर आर ए एवं सहभागी शिक्षा एवं क्रिया का अंतर क्या है? (5 अंक)

   (ख) समूह–गठन के चरण (5 अंक)

   (ग) नेतृत्व विकास (4 अंक)

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

   (क) प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण में ओपीनियन लीडर की भूमिका

   (ख) समूहों में मतभेद–प्रबंधन

   (ग) सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन के साधनों का उल्लेख कीजिए तथा किन्हीं दो का वर्णन कीजिए।

   (घ) विस्तार कार्य में दल में रहते हुए कार्य करने का महत्व

   (ङ) सहभागिता के स्तर

*****

**January, 2015**

# स्नातकोत्तर कृषि विस्तार प्रबंधन डिप्लोमा (पी जी डी ए ई एम)

## पूरक परीक्षा : 2007–08 से 2012–13 तक

## ए ई एम–104 : कृषि विस्तार में सहभागी दृष्टिकोण (2 क्रेडिट)

**अधिकतम अंक : 70** **समय : 2½ घंटे**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों के अंक समान है।**

1. सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन से आप क्या समझते हैं? सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं का उल्लेख कीजिए तथा कृषि विस्तार में सर्वेक्षण विधि की अपेक्षा सहभागी दृष्टिकोण के उपयोग के लाभ पर चर्चा कीजिए।

2. अपने अनुभव के आधार पर किसान–संचालित विस्तार के महत्व पर उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

   (क) कृषि विस्तार को सुगम बनाने के लिए सहभागी दृष्टिकोण के चरण

   (ख) अनुप्रस्थ कदम

   (ग) निर्णय लेने की तकनीक

   (घ) देशी कृषि–प्रणालियाँ

   (ङ) मैट्रिक्स श्रेणी

   (च) समूह–गठन के चरण

   (छ) मौसमी रूपरेखा/मौसमी कलैंडर

4. किसी गाँव में प्राकृति संसाधन के प्रबंधन के विश्लेषण के लिए आम तौर पर उपयोग किए जानेवाले सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन तकनीकों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

5. सहभागी प्रौद्योगिकी विकास के अर्थ एवं प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए। प्रौद्योगिकी के प्रचार–प्रसार में यह कैसे मदद करता है?

6. किसी फसल के सस्योत्तर चरण में विस्तार कार्यकर्ता के रूप में कोई भी व्यक्ति कैसा योगदान दे सकता है? अपने जिले की प्रमुख फसल/उद्यम के लिए सस्योत्तर विस्तार रणनीति स्पष्ट कीजिए।

7. समूह–संचालित विस्तार कैसे किसानों के सशक्तिकरण का कार्य करता है? समूह–गठन के चरण एवं लाभ पर उदाहरण सहित विस्तार से चर्चा कीजिए।

8. समूहों के साथ चर्चा करते समय विस्तार अधिकारी को समूहों के मतभेद को समझने एवं उनके समाधान की कुशलता होनी चाहिए। समूह–मतभेद का प्रबंधन एवं कृषि–विकास के लिए उनके समाधान हेतु आपके द्वारा प्रयोग किए जानेवाली कुशलता पर चर्चा कीजिए।

*****

December, 2014

# स्नातकोत्तर कृषि विस्तार प्रबंधन डिप्लोमा (पी जी डी ए ई एम)
## द्वितीय सेमेस्टर 2013–14 सत्रांत परीक्षा एवं
## 2007–08 से 2012–13 तक की पूरक परीक्षा

## ए ई एम–104 : कृषि विस्तार में सहभागी दृष्टिकोण (2 क्रेडिट)

**अधिकतम अंक : 70** **समय : 2½ घंटे**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों का अंक समान है।**

1. सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन से आप क्या समझते हैं? विकास–प्रक्रिया के दृष्टिकोण से सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन के विशेष लक्षण एवं सिद्धांत को विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :
   (क) कृषि विस्तार के कार्य को सुगम बनाने के लिए सहभागी दृष्टिकोण के चरण
   (ख) कृषि विस्तार में सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन के रूप में अनुप्रस्थ कदम (ट्रन्सेक्ट वाक)
   (ग) समूहों में निर्णय लेने की विधियाँ
   (घ) देशी कृषि–प्रणालियाँ
   (ङ) समूहों के प्रकार एवं उनकी विशेषताएँ
   (च) कृषि में होनेवाले परिवर्तनों को समझने के लिए प्रवृत्ति–विश्लेषण कैसे मदद करता है?

3. सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन की स्थानिक विधि/तकनीक से आप क्या समझते हैं? अपने क्षेत्र के एक गाँव का चित्रण करते हुए संसाधन मानचित्रण तकनीक की प्रक्रिया को विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

4. सापेक्ष सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन के बारे में आप क्या जानते हैं? सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन की किसी एक सापेक्ष विधि को सचित्रण स्पष्ट कीजिए।

5. किसानों के सशक्तिकरण के लिए समूह–नेतृत्ववाला विस्तार कैसे कार्य करता है? अपने विकल्प के एक सफल समूह–पहल का उल्लेख करते हुए समूह–सृजन के चरण एवं लाभ सहित विस्तार से चर्चा कीजिए।

6. समूहों से चर्चा करते समय विस्तार अधिकारी को समूह के मतभेद एवं उनको सुलझाने की कुशलता के बारे में पता होना चाहिए। समूह–मतभेद–प्रबंधन एवं कृषि–विकास के लिए उसको सुलझाने हेतु आपके द्वारा काम में लाई जानेवाली कुशलता पर चर्चा कीजिए।

7. विस्तार दृष्टिकोण का मुख्य रूप से सहभागी तकनीकी विकास में परिवर्तित होने का क्या आप समर्थन करते हैं, अगर हाँ/नहीं, विस्तार से चर्चा कीजिए कि सहभागी तकनीकी विकास कृषि–विकास में कैसे लाभकारी/लाभकारी नहीं है?

8. निम्नलिखितों में से किन्हीं दो पर चर्चा कीजिए :
   (क) आधुनिक कृषि–विकास में देसी तकनीकी ज्ञान की भूमिका
   (ख) सही निर्णय लेने के लिए किसानों को सशक्त बनाने में शामिल गतिविधियों का सहभागी मूल्यांकन
   (ग) टिकाऊ खेती में सामर्थ्य हेतु समूहों में किसानों का क्षमता–निर्माण
   (घ) कृषि–विकास में स्थानीय संस्थाओं को जोड़ने हेतु विस्तार अधिकारियों के लिए वेन्न आरेख (एक सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन तकनीक) की उपयोगिता

*****

# स्नातकोत्तर कृषि विस्तार प्रबंधन डिप्लोमा (पीजीडीएईएम)
## परीक्षा – जुलाई 2014
## एईएम–104 : कृषि विस्तार में सहभागी दृष्टिकोण (2 क्रेडिट)

**धिकतम अंक : 70** **समय : 2½ घंटे**

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों का उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों का अंक समान है।

1. विस्तार अधिकारी के रूप में आप सहभागी अनुसंधान कार्यक्रम में किसानों को कैसे शामिल करेंगे? सहभागी तकनीकी विकास प्रक्रिया एवं इसके लाभों को स्पष्ट कीजिए।

2. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :
   (क) सहभागी योजना
   (ख) सहभागी कार्यान्वयन
   (ग) सहभागी अनुवीक्षण
   (घ) सहभागी मूल्यांकन

3. (क) समूह के अगुवाईवाले विस्तार की परिभाषा दीजिए। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
   (ख) सभागी ग्रामीण मूल्यांकन एवं आर आर ए का अंतर समझाइए।

4. निम्नलिखितों का पूर्ण रूप लिखिए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) KHDP | (च) PTD | (ट) KVK |
| (ख) NATP | (छ) SHG | (ठ) HRD |
| (ग) PAR | (ज) ICT | (ड) IFPRI |
| (घ) AEA | (झ) SFAC | (ढ) GAP |
| (ङ) ITK | (ञ) WTO | |

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:
   (क) सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन के सिद्धांत
   (ख) सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन की तीन विधियाँ
   (ग) सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन की समस्याएँ

6. किसानों के समूहों में आप क्षमता–निर्माण कैसे करेंगे? अपने अनुभव के आधार पर चर्चा कीजिए।

7. सहभागिता की अवधारणा एवं श्रेणियाँ स्पष्ट कीजिए।

8. निम्नलिखितों पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

   (क) दल–कार्य एवं मतभेद–प्रबंधन – विस्तार में महत्व
   (ख) वैज्ञानिक जानकारी प्रणाली के साथ देशी तकनीकी ज्ञान का समेकन; तर्क एवं समस्याएँ

*****

# स्नातकोत्तर कृषि विस्तार प्रबंधन डिप्लोमा (पी जी डी ए ई एम)

**विशेष पूरक परीक्षा – दिसंबर 2013**

## ए ई एम–104 : कृषि विस्तार में सहभागी दृष्टिकोण (2 क्रेडिट)

**अधिकतम अंक : 70** **समय : 2½ घंटे**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों का अंक समान है।**

1. (अ) सहभागी विस्तार का विस्तृत वर्णन कीजिए।

   (आ) एक विस्तार प्रबंधक के रूप में विस्तार कार्यक्रमों को लागू करने के लिए लक्षित समूहों की अधिकतम सहभागिता के लिए आप क्या पहल करेंगे?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन का संक्षिप्त विवरण दीजिए :

   (क) समूह निर्माण के चरण

   (ख) वेन आरेख एवं मौसमी आरेख

   (ग) निर्णय लेने की तकनीक

   (घ) अनुप्रस्थ चाल एवं प्रवृत्ति विश्लेषण

3. (अ) लोगों के किसी समूह में शामिल होने के कारण पर चर्चा कीजिए।

   (आ) समूह एवं दलों के एक साथ में काम करने के लाभों को स्पष्ट कीजिए।

4. (अ) एक समूह परिस्थिति में "असंगत व्यवहार" कैसे आता है?

   (आ) समूह की सफलता को प्राप्त करने के लिए "असंगत व्यवहार" को नियंत्रित करने के लिए एक विस्तार प्रबंधक के रूप में आप कितने तरीके अपना सकते हैं?

5. (अ) अपने सदस्यों की मदद करने के लिए स्वयं सहायता समूह द्वारा अपनानेवाले विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए।

   (आ) स्वयं सहायता समूह के सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।

6. (अ) नेतृत्व शब्द का तात्पर्य क्या है?

   (आ) नेतृत्व के सिद्धांतों पर उचित उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।

7. (अ) कार्यक्रम की सफलता के लिए विकास कार्यक्रमों में लोगों की भागीदारी आपको क्यों महत्वपूर्ण लगता है?

   (आ) विकास कार्यक्रमों में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने में अपनानेवाले चरणों को स्पष्ट कीजिए।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

   (क) जोहरी खिड़की

   (ख) सहभागी कार्य समूहों में नेता के कार्य

   (ग) कृषक समूहों का क्षमता–निर्माण

   (घ) राइतु मित्र समूह (किसान मित्र समूह)

* * * * *

NATIONAL INSTITUTE OF AGRICULTURAL EXTENSION MANAGEMENT, HYD-30. MANAGE

Sept.2013

# स्नातकोत्तर कृषि विस्तार प्रबंधन डिप्लोमा (पी जी डी ए ई एम)

## ए ई एम–104 : कृषि विस्तार में सहभागी दृष्टिकोण (2 क्रेडिट)

**अधिकतम अंक : 70** **समय : 2½ घंटे**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों का अंक समान है।**

1. लक्षित समूहों के फ़ायदे के लिए आपके विस्तार कार्यक्रमों को लागू करने में उनकी ज्यादा–सा–ज्यादा प्रतिभागिता और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विस्तार प्रबंधक के रूप आप क्या पहल करेंगे?
2. (क) किसी विकास कार्यक्रम की सफलता के लिए उनमें लोगों की भागीदारी क्यों महत्वपूर्ण है?
   (ख) कृषि विकास कार्यक्रमों में सामुदायिक प्रतिभागिता को बढ़ाने के लिए क्या–क्या कदम उठाने चाहिए?
3. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :
   (क) सहभागिता दृष्टिकोण के चरण
   (ख) कृषि प्रणाली अनुसंधान (एफ एस आर)
   (ग) त्वरित ग्रामीण मूल्यांकन (आर आर ए) और सहभागिता ग्रामीण मूल्यांकन (पी आर ए) के अंतर
4. कृषि–विकास कार्यक्रमों को लागू करने के लिए विस्तार प्रबंधकों द्वारा अक्सर अपनाए जानेवाले विभिन्न सहभागिता दृष्टिकोण क्या–क्या हैं?(केवल नाम ही बताएँ) तथा आपकी राय में कार्यक्रम की सफलता के लिए इनमें से कौन–से दो दृष्टिकोण उत्कृष्ट हैं? उदाहरण सहित समझाएँ।
5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (किन्हीं तीन)
   (क) सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन को चलाने के प्रमुख सिद्धांत
   (ख) समूहोन्मुख विस्तार
   (ग) सामूहिक खेती
   (घ) समूह के रूप में कार्य करने पर होनेवाली सक्रियता
6. (क) 'मतभेद' क्या है? समूह में यह क्यों पैदा होता है?
   (ख) 'मतभेद' को कैसे निपटा जा सकता है? समूहों के सभी सदस्यों के योगदान से समूह की सफलता प्राप्त करने पर उदाहरण सहित चर्चा कीजिए।
7. सहभागिता के सात स्तर क्या–क्या हैं, समूहों के कार्यनिष्पादन और उपलब्धियों को सुधारने और बढ़ाने में जिनको व्यवस्थित रूप में अपनाया जा सकता है? प्रत्येक स्तर के बारे में संक्षेप्त में लिखिए।
8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (किन्हीं तीन)
   (क) सहभागी योजना बनाना एवं प्रबंधन
   (ख) सहभागी प्रौद्योगिकी विकास (पी टी डी)
   (ग) देशी तकनीकी जानकारी (आई टी के)
   (घ) आई टी के एवं कृषि संबंधी नवीन खोज का अभिग्रहण

* * * * *

## स्नातकोत्तर कृषि विस्तार प्रबंधन डिप्लोमा (पीजीडीएईएम)
## अंतिम परीक्षा, प्रथम सत्र 2011–12 (अगस्त 2012)

## कृषि विस्तार प्रबंधन – 104 : कृषि विस्तार में सहभागी पद्धतियाँ (2 क्रेडिट)

**अधिकतम अंक : 70** **समय : 2½ घंटे**

**किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर लिखिए। सभी प्रश्नों का अंक समान है।**

1. 'सहभागिता' शब्द से आप क्या समझते हैं? ग्रामीण विकास कार्य–योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने और इसके समग्र लक्ष्यों को प्राप्त करने सभी संबंधितों की सहभागिता कैसे मदद करती है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :
   (क) द्रुतगामी ग्रामीण मूल्यांकन
   (ख) सहभागी क्रिया–विधि अनुसंधान
   (ग) विस्तार कार्यक्रम में किसानों की सहभागिता
   (घ) समूह–संचालित विस्तार

3. विकास कार्यक्रमों में लोगों की सहभागिता से, थोपे गए/ऊपर से नीचे की कार्य–योजना की अपेक्षा अधिक सफलता मिलती है। अगर आप इस कथन से सहमत हैं तो लोगों की सहभागिता से सफल हुए विस्तार कार्यक्रम के दो उदाहरण दीजिए।

4. लोगों के विचारों और अपनी विकास कार्य–योजना के लिए लोगों द्वारा संचालित विस्तार कार्यक्रमों के लिए सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन एक प्रमाणित तकनीक है। लोगों के कार्यक्रमों को प्राप्त करने के लिए सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन कितना बेहतर है?

5. विस्तार कार्यक्रमों के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए समूह कार्य–योजना क्यों महत्वपूर्ण है? विस्तार प्रबंधक के रूप में एक प्रभावी समूह के सृजन के लिए और आप क्या पहल करेंगे और अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए समूह को किस प्रक्रिया से आगे बढ़ना चाहिए?

6. निम्नलिखितों पर संक्षिप्त वर्णन कीजिए :
   (अ) समूह पद्धति
   (आ) समूह नेतृत्व
   (इ) समूह टिकाऊपन

7. किसी समूह/टीम में 'परस्पर–विरोध' से आप क्या समझते हैं? क्या परस्पर–विरोध का कोई सकारात्मक प्रभाव है? परस्पर–विरोधी व्यक्ति/समूह दोनों की जीत के साथ परस्पर–विरोध को कैसे शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा सकता है?

8. वैश्वीकृत कृषि एवं जलवायु–परिवर्तन के संदर्भ में एक विस्तार प्रबंधक के रूप में आप अपने विस्तार कार्यक्रमों की योजना कैसे बनाएँगे, जिससे किसानों को जागरूक बनाया जा सके और उत्पादन के लिए और अपनी ज़मीनों की रक्षा करने के लिए वे अभिनव कृषि को अपना सके तथा आनेवाले वर्षों में स्थायी रूप में लाभ प्राप्त कर सकें।

***

INSTITUTE OF AGRICULTURAL EXTENSION MANAGEMENT
MANAGE